## खबर संक्षेप

### पुलिस ने रोड पर वाहन रोककर पैसे मांगने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मैहर।** थाना बदेरा पुलिस ने रोड पर वाहन रोककर पैसे और शराब के लिए जबरदस्ती करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 18 जून,को हुई थी,जब फरियादी सनुज रावत अपने ट्रक क्रमांक एमपी 19 जेड एल 0655 से भदनपुर से बरही जा रहे थे। जैसे ही वे अजवाइन स्थित मध्यांचल बैंक के पास पहुँचे,नारायण रजक और बेडी लाल वर्मन ने उनका ट्रक रोक लिया। दोनों ने ड्राइवर से गाली-गलौज करते हुए शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जब सनुज रावत ने पैसे नहीं होने की बात कही और मालिक से बात करने के लिए अपना मोबाइल दिया,तो नारायण रजक ने मोबाइल को जमीन पर पटककर तोड़ दिया। इसके बाद,बेडीलाल वर्मन ने सनुज को पकड़ लिया और नारायण रजक ने पत्थर और डंडे से उनके साथ मारपीट की। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बदेरा में अपराध क्रमांक 155/25 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया।जाँच के दौरान,फरार चल रहे दोनों आरोपियों बेडी लाल वर्मन और नारायण रजक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार,सउनि गंगा दीन वर्मा,सउनि अरविंद सिंह,आरक्षक उमेश नट,गजराज सिंह, दिलीप ओझा और चिंतामणी पांडे की सराहनीय भूमिका रही।

### सीमेंट फैक्ट्री के खिलाफ किसानों का विरोध तेज, बड़े आंदोलन की चेतावनी

**मैहर।** पहाड़ी ग्राम में सीमेंट फैक्ट्री की लाइम स्टोन लीज प्रक्रिया का किसान और ग्रामीण पुरजोर विरोध कर रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री 102 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर जबरन कब्जा कर खनन की तैयारी में है।उन्होंने दो दिन के भीतर जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है।

### एकेएस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का चयन

**सतना।** प्रतिष्ठित कंपनी मूविडु टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा द्वारा आयोजित कैंपस चयन प्रक्रिया में एकेएस विश्वविद्यालय के कई विद्यार्थियों का चयन हुआ। सभी चरणों को सफलतापूर्वक पार करने के बाद विद्यार्थियों को छह माह की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया गया है। इंटर्नशिप पूर्ण करने के बाद उन्हें 6 से 9 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर स्थायी नियुक्ति प्राप्त होगी। शिवांश श्रीवास्तव, मनीष सोनी, मुदिता चौरसिया, रितांश श्रीवास्तव,(बी.टेक,एआई एंड डेटा साइंस) मानसी अग्निहोत्री, सीएसई,विनीत अग्रवाल, बीबीए का चयन हुआ।ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड बालेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि चयन प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण साक्षात्कार रहा।

### माई की रसोई' की लोकप्रियता में वृद्धि



**मैहर।** 'माई की रसोई' पिछले 6 सालों से भक्तों को मुफ्त भोजन करा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजीव कुमार गोंड ने इसके संस्थापक धीरज पांडे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह सेवा देशभर में एक मिसाल है। धीरज पांडे ने कहा कि यह उनकी पूजा का एक तरीका है।

# सरकारी अस्पताल के बाहर अतिक्रमण का 'रोग', मरीज और परिजन हो रहे परेशान



**सतना।** शहर के सबसे व्यस्त अस्पतालों में से एक,सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के बाहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। अस्पताल के प्रवेश द्वार के ठीक सामने,सड़क पर बड़े-बड़े दुकानदारों ने अपना सामान फैला रखा है। यही वजह है कि यहां हर दिन घंटों जाम लगा रहता है,जिससे न केवल आम राहगीर,बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के बाहर की यह अव्यवस्था कोई नई बात नहीं है। लंबे समय से यहां के दुकानदार,ठेले वाले और ऑटो चालक सड़क पर ही कब्जा जमाए हुए हैं। ये लोग अपनी दुकानों का सामान सड़क तक फैला देते हैं,जिससे एक लेन की सड़क पूरी तरह से ब्लॉक हो जाती है। इस सड़क में वाहनों की आवाजाही मुश्किल हो जाती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस जाम में कई बार एंबुलेंस भी फंस जाती है। आपातकालीन स्थिति में भी एंबुलेंस को अस्पताल तक पहुंचने में काफी समय लगता है,जो मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या के लिए पुलिस और नगर निगम की कार्रवाई सिर्फ दिखावटी है। उनका आरोप है कि ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता की लापरवाही के कारण ही यह स्थिति बनी हुई है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर कभी-कभी दिखावटी कार्रवाई की जाती है,लेकिन कुछ ही घंटों में स्थिति फिर से वैसी ही हो जाती है। ऐसा लगता है जैसे अधिकारियों को इस गंभीर समस्या से कोई फर्क नहीं पड़ता। इस अव्यवस्था को बढ़ाने में एंबुलेंस चालक भी पीछे नहीं हैं। कई एंबुलेंस चालक भी गलत तरीके से सड़क पर पार्किंग कर देते हैं,जिससे रही-सही जगह भी ब्लॉक हो जाती है। यह एक ऐसा दुष्चक्र बन गया है,जहां हर कोई अपनी मनमानी कर रहा है,और इसका खामियाजा उन गरीब और मजबूर मरीजों को भुगतना पड़ रहा है,जो इलाज के लिए इस अस्पताल में आते हैं। यह ज़रूरी है कि जिला प्रशासन और नगर निगम इस समस्या को गंभीरता से ले। केवल दिखावटी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा। इस क्षेत्र में सख्त नियम लागू करने और नियमित निगरानी की आवश्यकता है। अन्यथा,यह अव्यवस्था एक दिन किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। अस्पताल परिसर के आसपास के इलाके में व्यवस्थित पार्किंग और यातायात प्रबंधन की योजना बनाना समय की मांग है।

## घर में घुसकर रेप करने वाला 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**सतना। रामपुर बाघेलान पुलिस ने घर में घुसकर एक महिला के साथ रेप करने वाले फरार आरोपी अभिषेक उर्फ अन्नू तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक ने 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।**

### क्या है मामला

पीड़ित महिला ने 27 जून 2025 को रामपुर बाघेलान थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 13 मई की रात करीब 12:30 बजे आरोपी अभिषेक तिवारी उसके घर पहुंचा। महिला के पति घर पर नहीं थे। जब महिला ने दरवाजा नहीं खोला तो आरोपी ने दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। जब महिला ने शोर मचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी के नेतृत्व में एक टीम लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी।

### ऐसे पकड़ा गया आरोपी

पुलिस टीम ने 9 सितंबर 2025 को हनुमानगंज,रामपुर बाघेलान से आरोपी अभिषेक उर्फ अन्नू तिवारी (26) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मनकहरी गांव का रहने वाला है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जिसके बाद उसे सतना केंद्रीय जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी के साथ उप निरीक्षक लालता प्रसाद वर्मा,प्रधान आरक्षक दिलीप सिंह,प्रधान आरक्षक सीताशरण द्विवेदी, प्रधान आरक्षक प्रदीप पाण्डेय और आरक्षक गणेश चौरसिया की सराहनीय भूमिका रही।

## चित्रकूट में संस्कृति और संस्कृत का महत्व विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित



**सतना।** श्रीरावतपुरा सरकार आश्रम,चित्रकूट में 8और9 सितंबर को संस्कृति संस्कृतयो वर्तमाने महत्वम (वर्तमान में संस्कृति और संस्कृत का महत्व) विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डालना था।संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया। पहले दिन विकलांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति डॉ.शिशिर कुमार पांडे मुख्य अतिथि थे। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नासिक के डॉ. दाताराम पांडे, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,नई दिल्ली के डॉ.रमन मिश्र, डॉ.नितिन जैन और लाल बहादुर संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के डॉ.रामसलेही द्विवेदी जैसे विद्वानों ने संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने संस्कृत को केवल एक भाषा नहीं,बल्कि भारतीय ज्ञान और परंपराओं की आधारशिला बताया। छात्रों ने नाट्यकला,भक्ति गीत और शास्त्रीय नृत्य जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। दूसरे दिन, महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो.भरत मिश्रा मुख्य अतिथि थे। उनके साथ महंत दिव्य जीवन दास महाराज और मनोज द्विवेदी भी उपस्थित थे। छात्रों ने देशभक्ति गीत और लोकनृत्य प्रस्तुत कर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का परिचय दिया। महंत दिव्य जीवन दास महाराज ने संस्कृत को विश्व की सभी भाषाओं की जननी बताया और इसके संरक्षण को भारतीय संस्कृति की रक्षा बताया। वहीं,मनोज द्विवेदी ने कन्या संस्कृत विद्यालयों की स्थापना पर जोर दिया।आयोजन में विद्वानों और विशिष्ट अतिथियों का शाल,श्रीफल और स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार प्यासी ने किया और संगोष्ठी के संयोजक डॉ.अनिल शर्मा रहे। अध्यक्षीय भाषण में डॉ.रामपाल सिंह कौरव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी संगोष्ठियां समाज को संस्कृत भाषा और संस्कृति से जोड़े रखने का सशक्त माध्यम हैं।

## मैहर में जमीन विवाद ने ली खून-खराबे की शक्ल बड़े भाई ने छोटे भाई पर किया कुल्हाड़ी से हमला



**मैहर।** जिले के हिनौता खुर्द गांव में पारिवारिक जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहा पुराना विवाद मंगलवार को खूनी संघर्ष में बदल गया। बताया जाता है कि बड़े भाई शंकर वर्मन ने अपने सगे छोटे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया,जहां उसका इलाज जारी है।गांव में अचानक हुई इस घटना से दहशत फैल गई है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण की दर 90 प्रतिशत तक लाने के निर्देश

### राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न

**सतना। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों और उनके निराकरण की स्थिति में सुधार लाते हुए राजस्व प्रकरणों के निराकरण की दर 90 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिये हैं।**

कलेक्टर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिये है। इस अवसर पर डीएफओ मयंक चांदीवाल,नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना,अपर कलेक्टर विकास सिंह,एसडीएम महिपाल सिंह,राहुल सिलाडिया, आर एन खरे,जितेंद्र वर्मा,एलआर जांगड़े,सोमेश द्विवेदी सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने राजस्व न्यायालयवार आरसीएमएस पोर्टल में 10 सितंबर तक दर्ज राजस्व प्रकरणों एवं निराकरण की समीक्षा की। आरसीएमएस पोर्टल पर राजस्व न्यायालयों में पंजीकृत प्रकरणों को 17 सितंबर तक अधिक से अधिक निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि नामांतरण और बंटवारा के कोई भी प्रकरण 6 माह से अधिक और सीमांकन के प्रकरण 3 माह से अधिक समय तक लंबित नहीं रहे। राजस्व न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों की संख्या कम करें और निराकरण का प्रतिशत बढाये। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के अधिक डिस्पोजल परसेन्टेज वाले राजस्व अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कमजोर प्रगति वालों को और भी मेहनत कर परफारमेंस सुधारने के निर्देश दिये। राजस्व अधिकारियों की बैठक में डीएफओ मयंक चांदीवाल ने बताया कि ऐसी भूमि जो खसरों में वन भूमि दर्ज है तथा वन विभाग के कब्जे से बाहर अथवा आबादी घोषित है। ऐसी वन भूमि को वन विभाग को दी जाये अथवा राजस्व की राशि विभाग को हस्तांतरित की जाये। राजस्व एवं वन विभाग की विवादित भूमि का सर्वे कराया जाकर संबंधित विभाग को दी जाये। नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना ने बताया कि नगरनिगम सतना की सीमा अंतर्गत अवैध कालोनी निर्माताओं द्वारा अवैध कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध निर्माण करने वाले कालोनी निर्माताओं के विरूद्ध एफ आई आर दर्ज कराये।

## 136 श्रमिक परिवारों के खातों में 2.88 करोड़ की राशि की अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को संबल योजना के अंतर्गत कटनी जिले के 136 श्रमिक परिवारों के बैंक खाते मे 2 करोड़ 88 लाख रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम अंतरित किया। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एन आई सी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में मौजूद रहकर अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र के साथ लाभार्थी हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ यादव के संबोधन के सीधे प्रसारण को वर्चुअली देखा और सुना।

संबल योजना के अंतर्गत जिले में सामान्य एवं दुर्घटना मृत्यु के प्रकरणों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जनपद पंचायत कटनी के 26 प्रकरणों में 52 लाख, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा के 19 प्रकरणों में 38 लाख, जनपद पंचायत बड़वारा के 13 प्रकरणों में 30 लाख, जनपद पंचायत रीठी के 10 प्रकरणों में 22 लाख, जनपद पंचायत बहोरीबंद के 29 प्रकरणों में 60 लाख, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के 13 प्रकरणों में 28 लाख, नगर निगम के 25 प्रकरणों में 56 लाख एवं नगर परिषद बरही के 1 प्रकरण में 2 लाख की सहायता राशि अंतरित की गई।संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। अनुग्रह सहायता के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं।

## प्रिंटर्स एसोसिएशन सतना ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**सतना।** भारत सरकार द्वारा जीएसटी काउंसिल में लिये गये निर्णय में प्रिंटिंग एवं कागज़ को 12 प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत स्लैब में शिफ्ट कर दिया गया है। जब कि इसे 5% स्लैब में लाया जाना चाहिए। इसी मांग को लेकर संस्था द्वारा वित्त मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम से एसडीएम राहुल सिलाडिया की उपस्थिति में दिया गया। जिसमे संस्था संरक्षक के.जी.गुप्ता,अध्यक्ष संजय शाह, कोषाध्यक्ष अमित शर्मा,मीडिया प्रभारी विशाल अग्रवाल संस्था सदस्य गोपाल धूत,अरविंद सिंह निराला,धीरज टंडन,डॉ.श्रीराम मिश्रा,राजेश मोहावे,राम अग्रवाल,रजनीश अग्रवाल,आशीष माहेश्वरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## मां शारदा लोक के लिए भूमि का चिन्हांकन शुरू

**सतना।** मां शारदा की नगरी मैहर में भव्य मां शारदा लोक के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि और संशाधनों का चिन्हांकन किया जा रहा है। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंदिर समिति की भूमि के सीमांकन एवं आवश्यकता के अनुसार भूमि के चिन्हांकन के लिए राजस्व अधिकारी और स्थानीय निकाय के अधिकारियों के दल गठित किये है। बुधवार को कलेक्टर रानी बाटड ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर मां शारदा लोक की प्राथमिक तैयारियों की समीक्षा की। इस मौके पर पर्यटन विकास की ओर से कन्सलटेंसी धरोहर नई दिल्ली की मुख्य आर्कीटेक्ट श्रीमती संगीता ने बैठक में वर्चुअल रूप से जुडकर प्रारंभिक आवश्यकताओं की जानकारी दी। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह एसडीएम मैहर दिव्या पटेल,एसडीएम अमरपाटन डॉ.आरती सिंह,रामनगर एसपी मिश्रा,कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह,सीएमओ सुषमा मिश्रा,जल संसाधन,नर्मदा घाटी विकास के अधिकारी उपस्थित थे।

## खाद की किल्लत से किसान परेशान, प्रशासन का दावा पर्याप्त स्टॉक

**सतना।** सतना और मैहर जिले में इस समय खाद की कालाबाजारी चरम पर है। किसान एक-एक बोरी यूरिया के लिए घंटों लाइन में लगे रहते हैं,लेकिन फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल पाती। पिछले एक महीने से स्थिति बद से बदतर होती जा रही है और जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। वहीं,प्रशासन का दावा है कि जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सतना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जिले की 30 समितियों में 310.53 एमटी यूरिया उपलब्ध है। इसके अलावा,बुधवार रात को कृभको उर्वरक कंपनी की रैक से 428.4 एमटी यूरिया सतना पहुंच रही है,जिसे जिले की 17 समितियों में भंडारित किया जाएगा। किसानों को 11 सितंबर की सुबह 8 बजे से केसीसी धारक कृषकों को यूरिया का वितरण किया जाएगा। यह भी बताया गया कि विपणन संघ के गोदामों से 11 सितंबर को यूरिया नहीं बेचा जाएगा और 12 सितंबर को ही बिक्री सुचारू रूप से शुरू होगी। नए टोकन पहले से वितरित किए गए टोकन पूर्ण होने के बाद ही जारी किए जाएंगे। इस स्थिति से साफ है कि किसानों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है, जबकि प्रशासन कागजों पर खाद की उपलब्धता का दावा कर रहा है।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश

सतना कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस.ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में आर.सी.एम.एस. पोर्टल पर दर्ज मामलों के निराकरण की दर को 90 प्रतिशत तक लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या कम होनी चाहिए और उनके निपटान का प्रतिशत बढ़ना चाहिए। कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए हैं कि नामांतरण और बंटवारे के कोई भी मामले 6 महीने से ज्यादा और सीमांकन के मामले 3 महीने से ज्यादा समय तक लंबित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने अधिक मामलों का निपटान करने वाले अधिकारियों की सराहना की और कमजोर प्रदर्शन वालों को सुधार करने के लिए कहा। बैठक में सीमांकन,स्वामित्व योजना,ब्रिक्स योजना,सीएम हेल्पलाइन और राजस्व वसूली सहित विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित मामलों को प्राथमिकता के साथ संतुष्टिपूर्ण तरीके से बंद करने पर जोर दिया।

## सड़क निर्माण में भारी अनियमितता पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया, नागरिक अधिकारों की अनदेखी पर प्रशासन से जवाब-तलब

**मैहर। शहर में सड़क निर्माण को लेकर उठे जनहित मुद्दे पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने गंभीर रुख अपनाते हुए मैहर नगर पालिका,ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया है। अगली सुनवाई 24 सितंबर को होगी।**

चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने अचरज व्यक्त करते हुए कहा ऐसे कार्य को एप्रूव कौन करता है कोर्ट ने इस निर्माण कार्य को नागरिकों के हितों के प्रतिकूल बताते हुए उसकी वैधता पर सवाल उठाए हैं। जनहित याचिका दायर करने वाले मनीष पटेल (निवासी-हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी,मैहर) ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया कि मैहर शहर के केंद्र में चार किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य बिना उचित योजना के किया जा रहा है। सड़क को एक फुट तक ऊँचा कर दिया गया है जिससे आसपास के घर,दुकानें एवं सार्वजनिक स्थल नीचे हो गए हैं। इससे जलभराव,दुर्घटना और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। कोर्ट ने निम्न पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है प्रमुख सचिव,निर्माण भवन,प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन विभाग,इंजीनियर इन चीफ,पीडब्ल्यूडी, कार्यपालन यंत्री,पीडब्ल्यूडी संभाग सतना, एसडीओ,पीडब्ल्यूडी मैहर, कलेक्टर, मैहर,नगर पालिका मैहर,ठेकेदार संजय सिंह,कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नागरिकों के हितों की उपेक्षा कर किए गए निर्माण कार्य न्यायसंगत नहीं माने जा सकते।

### सामाजिक नेतृत्व का योगदान

मैहर के कांग्रेस नेता व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मनीष पटेल तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी द्वारा बार-बार उठाए गए मुद्दे को प्रशासन ने अनदेखा किया। अंततः मनीष पटेल ने विधिक प्रक्रिया अपनाकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और आम नागरिकों के हितों की रक्षा हेतु न्याय की गुहार लगाई स्थानीय नागरिकों ने मनीष पटेल व प्रभात द्विवेदी के प्रयासों की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। नागरिकों ने कहा कि इनके प्रयासों से प्रशासन की जवाबदेही तय होगी और आमजन को न्याय मिलेगा।

**खबर संक्षेप**

### टाईं ग्राम में कुत्ते का आतंक



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले टाईं ग्राम में एक पागल कुत्ते का आतंक देखने को मिला है पागल कुत्ते ने गांव भर में दहस्त फेला रखी है जिससे लोग सख्ते में देखे जा रहे हैं दरअसल एक पागल कुत्ते ने लगभग आधा दर्जन लोगों पर हमला बोलकर उन्हें लहु लोहान कर दिया वहीं सचिन सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति पर कुत्ते ने ऐसा हमला बोला कि वह गंभीर रूप से घायल है उसकी आंतें तक बाहर निकाल कर आ गई है जिसे प्राथमिक उपचार अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देकर पन्ना एवं पन्ना के बाद रीबा रेफर पर कर दिया है उक्त व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है सचिन सिंह के भी शरीर के कई अंगों में चोट के निशान है जहां कुत्ते ने उसे हमला किया है।

### शाहनगर शव परीक्षण गृह जर्जर अवस्था में, अधिकारी खुले में करने को मजबूर पोस्ट मार्टम



**पन्ना।** शाहनगर शव परीक्षण गृह (पोस्टमार्टम हाउस) बेहद जर्जर हालत में पहुंच चुका है। छत से पानी टपकता है और दीवारें भी कमजोर हो चुकी हैं। इस कारण अधिकारियों को मजबूरी में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया भवन के बाहर खड़े होकर करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों द्वारा शव परीक्षण गृह के आस-पास अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे जगह और भी सीमित हो गई है साथ ही आसपास गंदगी का भी माहौल है स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया है और इसे जल्द ही उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाने की बात कही है। एक बार पूर्व में भी अधिकारीयों को इसके जर्जर होने की सूचना दी जा चुकी है लेकिन अभी तक इसके लिए किसी भी प्रकार के प्रयास नहीं किए गए। स्थानीय जनता और कर्मचारियों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द इस भवन की मरम्मत या नए भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि संवेदनशील प्रक्रिया जैसे पोस्टमार्टम सुरक्षित और सम्मानजनक ढंग से की जा सके।

### तेज रफ्तार बाइक भैंस से टकराई एक की मौत, दो घायल



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गडोखर ग्राम के पास एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है जिसमें एक की मौत एवं दो घायल बताए जा रहे हैं बुधवार की शाम 4रू00 बजे अमानगंज पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार मोटर बाइक गड़ोखर ग्राम के पास भैंस से टकरा जाने से मोटर बाइक में सवार इंद्रपाल पिता गुड्डू लोधी उम्र 50 वर्ष निवासी बन्धूर की मौत हो गई है जबकि बृजेश प्रताप बखत राम लोधी उम्र 30 वर्ष एवं ब्रज बिहारी पिता कुट्टी बर्मन उम्र 45 वर्ष निवासी सभी बंधूर ग्राम घायल हो गए यह घटना मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात्रि लगभग 11:00 बजे की बताई गई है वहीं इस पूरे मामले को लेकर अमानगंज पुलिस ने बुधवार को मर्ग कायम कर लिया है साथ ही दोपहर 12:00 बजे बुधवार को मृतक का पोस्टमार्टम हुआ।

### 191 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** प्रभारी कलेक्टर मीना मसराम ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 191 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 38 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# कलेक्टर ने श्रीकांत दीक्षित एवं अनुपम त्रिपाठी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

## 15 सितम्बर को कलेक्टर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश

पन्ना।

कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा ग्राम मनौर में गरीब आदिवासी परिवार की अवैध रूप से जमीन कब्जाने के प्रकरण में टिकुरिया मोहल्ला पन्ना निवासी श्रीकांत दीक्षित पिता स्व. भास्कर दीक्षित एवं इंद्रपुरी कॉलोनी पन्ना निवासी अनुपम त्रिपाठी पिता रामलखन त्रिपाठी को कारण बताओ नोटिस जारी कर आगामी 15 सितम्बर को अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए सुबह 11 बजे कलेक्टर न्यायालय में समक्ष में उपस्थित होने के लिए आहूत किया है अन्यथा मामले की सुनवाई और निपटारा के संबंध में आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिला कलेक्टर ने तहसीलदार पन्ना को नोटिस की प्रतियां अनावेदकों को व्यक्तिशः तामील कराने तथा तामीली न होने पर संबंधितजन के निवास स्थल पर चस्पा कराने के निर्देश भी दिए हैं।

इस संबंध में एक आवेदिका द्वारा 13 जनवरी 2022 को शिकायत प्रस्तुत कर बताया गया था कि मेरे पिता की मृत्यु हो गई है तथा जीवित माता नेत्रहीन हैं। अपने माता-पिता की हम केवल दो संतानें पुत्रियां हैं। ग्राम जैतूपुर तहसील अमानगंज निवासी एक फर्जी व्यक्ति द्वारा अपने एवं हमारे पिता के मिलते जुलते नाम का फायदा उठाया गया है और हमारा भाई एवं माता-पिता का एक मात्र फर्जी पुत्र बनाकर फर्जी तरीके से हमारी जमीन अनुपम त्रिपाठी एवं श्रीकांत दीक्षित द्वारा क्रय की गई। इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना से जांच कराई गई। एसडीएम द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में लेख किया गया कि शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र और संलग्न दस्तावेज शपथ पत्र में उल्लेख है कि उनके पिता की ग्राम मनौर स्थित भूमि खसरा नंबर 148/4 रकवा 2.000 हे. को अनुपम एवं श्रीकांत ने जैतुपुरा के एक फर्जी व्यक्ति राजाराम को आवेदिकाओं का भाई और उनके माता पिता का फर्जी पुत्र बनाकर जमीन अवैध तरीके से क्रय की गई, जबकि दोनों बहनों के संलग्न शपथ पत्र में लेख है कि हमारा कोई भाई नहीं है। आवेदिकाओं के



निकट संबंधी एवं दो साक्षियों के प्रस्तुत शपथ पत्र में भी इस बात का उल्लेख है कि दिवंगत पिता की केवल दो पुत्रियां है एवं कोई भाई नहीं है। उक्त खसरा नंबर की भूमि को कुछ लोगों ने धोखाधड़ी करने ट्रांसफर करवा ली है। इनमें राजाराम सौंर सहित श्रीकांत दीक्षित एवं अनुपम त्रिपाठी शामिल हैं। शपथ पत्रों में यह भी लेख है कि श्रीकांत दीक्षित एवं रामलखन त्रिपाठी ने इस फर्जी कार्य के लिए राजाराम को 35 हजार रूपए दिए थे।

इस प्रकरण में ग्राम मनौर की नामांतरण पंजी प्रविष्टि क्रमांक 10 पर तहसीलदार पन्ना द्वारा पारित आदेश की प्रति के संबंध में मूल नामांतरण पंजी से मिलान की कार्यवाही की गई। इस दौरान पाया गया कि यह प्रविष्टि हल्का पटवारी द्वारा खसरा नंबर के खातेदार की 15 वर्ष पूर्व मृत्यु और उनकी पत्नी 10 वर्ष पूर्व फौत होना लेखकर उनके फर्जी पुत्र के पक्ष में नामांतरण किए जाने के संबंध में दर्ज की गई थी। तहसीलदार पन्ना द्वारा मृतक के स्थान पर बारिश के नाम नामांतरण स्वीकृत किया गया। मूल नामांतरण पंजी के साथ उद्घोषणा पत्र चस्पा है, किंतु तामीली, मुनादी या प्रकाशन कराने संबंधी कोई रिपोर्ट इसमें अंकित नहीं है। 9 नवम्बर 2020 की नकल अनुसार पंजीकृत विक्रय पत्र 05.09.2020 के आधार पर श्रीकांत दीक्षित एवं अनुपम त्रिपाठी के पक्ष में स्वीकृत किया गया है। इस मामले में दस्तावेजों के अवलोकन उपरांत पाया गया कि प्रश्नाधीन भूमि जगोला पिता बल्दुआ गौड़ निवासी मनौर के नाम दर्ज रही है, जबकि जैतुपुरा निवासी राजाराम आदिवासी गौड़ नहीं बल्कि सौंर जनजाति के हैं।

अनावेदकों द्वारा फर्जी तरीके से जमीन क्रय करने के बाद प्रभावित परिवार को भूमि पर फसल बोने से मना करने पर जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को इसकी शिकायत की गई थी। दोनो बहनों द्वारा क्रेता अनुपम त्रिपाठी और श्रीकांत दीक्षित से कई बार संपर्क साधा गया, लेकिन अनावेदकों ने जातिगत अपमान करते हुए गाली गलौच कर भगा दिया। ससुराल में भरण पोषण के लिए पर्याप्त भूमि नहीं होने पर उक्त भूमि वापस दिलाने तथा फर्जीबाड़ा करने वाले क्रेताओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की गई। इस संबंध में प्रश्नाधीन सर्वे नंबर की भूमि के राजाराम सौंर के पक्ष में किए गए नामांतरण आदेश को म.प्र. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत पुनरीक्षण में लिया जाकर तहसीलदार पन्ना का 28 जुलाई 2018 का आदेश निरस्त कर मूल भूमि स्वामी जगोला गौड़ पिता बल्दुआ के वैध वारिसों के नाम पुनः दर्ज करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।



## कलेक्टर ने की किसान पंजीयन के संबंध में जरूरी तैयारियों की समीक्षा

पन्ना।

शासन के निर्देशानुसार आगामी 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए निर्धारित स्थानों पर किसान पंजीयन किया जाएगा। कृषक पंजीयन के दौरान निर्धारित केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जिला कलेक्टर द्वारा बुधवार को कलेक्टर कक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली गई। इस दौरान समय पर सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने सहित नवीन केन्द्रों की स्थापना, उपार्जन कार्य प्रारंभ होने पर तौल कांटा एवं वारदाना व भण्डारण व्यवस्था सहित उपार्जित स्कंध के परिवहन इत्यादि के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर सुरेश कुमार ने इस संबंध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन अनुसार आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने, जरूरी प्रशिक्षण तथा कृषक सुविधाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही पंजीयन कार्य में पारदर्शिता बरतने के लिए भी सख्त निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अनिल तलैया, उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन, जिला विपणन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार अज्ञात मोटर बाइक ने महिला को मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल, नई बस स्टैंड में घटी घटना

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगर अमानगंज नई बस स्टैंड मैं बुधवार दोपहर लगभग 11:00 बजे एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल है प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला रास्ता पार कर रही थी इसी दौरान अज्ञात मोटर बाइक चालक द्वारा मोटर बाइक से महिला को टक्कर मार दी इस घटना में माया पति अशोक विश्वकर्मा निवासी अमानगंज गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार दिया गया महिला के सिर में गंभीर चोट बताई गई है।

## आखिर अतिथि शिक्षकों की जॉइनिंग क्यों नहीं करा रहे हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारी के प्राचार्य आर.के.त्रिवेदी

पन्ना।

मध्य प्रदेश सरकार की स्कूल शिक्षा विभाग पन्ना में पदस्थ जिम्मेदारों की गलत नीतियों के चलते जहां एक और शिक्षा व्यवस्था चौपट है । तो वहीं दूसरी ओर कुछ भ्रष्ट और जातिवादी किस्म के संकुचित विचारधारा के कुछ कर्मचारियों के कारण पन्ना जिले की शिक्षा व्यवस्था चौपट और लाचार हो रही है। इसका मूल कारण है वर्षों से विभिन्न स्कूलों में जमे हायर सेकेंडरी स्कूलों में कुछ प्राचार्य हैं!

ज्ञात हो कि हाल ही में मध्य प्रदेश शासन ने स्कूलों की माली हालत सुधारने के लिए जहां पर शिक्षकों की कमी है वहां पर अतिथि शिक्षकों की भारती की जानी है और ऑनलाइन भर्ती की हुई है। और उन ऑनलाइन भर्ती में जिन शिक्षकों की नियुक्ति संबंधित शालाओं में की गई है वह दूर सुदूरवर्ती इलाकों में होने के कारण पिछले एक हफ्ते से संस्था और साल की चक्कर काट रहे हैं कभी संबंधित संस्था के प्राध्यापक कह देते हैं, बिहार सेकेंडरी के प्राचार्य महोदय से जॉइनिंग यानी उपस्थिति देकर आओ तो संबंधित अभ्यर्थी जिनकी नियुक्ति की गई है वह कह देते हैं यह नियुक्ति तो हेड मास्टर को ही करनी चाहिए इसी कशमकश में बेचारे हफ्तों से भटक





रहे हैं मगर संस्था प्रमुख को यह नहीं दिखाई देता की जो बेरोजगार 10000 की पगार में नियुक्ति लेने के लिए अपना पेट्रोल और समय खपत करके आपके यहां चक्कर काट रहे हैं उनकी बेरोजगारी योग्यता को पीछे धकेल रही है वरना आपके यहां चक्कर कौन काटने आता। बीते दिनों तीन अभ्यर्थी संस्था प्रमुख आर के त्रिवेदी के पास जब गए। तो उन्होंने वही राग अलापना शुरू कर दिया उन्होंने कहा कि आप संस्था जहां आपकी नियुक्ति हुई है वहां से नियुक्ति उपस्थित दो। तब उन्होंने कहा कि साहब हम वहीं से आए हैं उन्होंने कहा है कि हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारी (अमानगंज) में उपस्थित दो तो हम आपकी बात चले आए त्रिवेदी जी बोले कि यह तो वह भटका रहे हैं, तो अभ्यर्थियों ने कहा कि साहब ! आप लोग एक दूसरे का बहाना लेकर आखिर उपस्थित क्यों नहीं दे रहे हैं तो उन्होंने कहा जो क्रम संख्या है जब तक वह अपना लिखकर नहीं देते हैं तब तक हम किसको नियुक्त कर दें तो अभ्यर्थियों का कहना था कि, आप लोग लिखवा कर दीजिए। संस्था प्रमुख त्रिवेदी ने कहा, की पता नहीं क्या नियम है इस प्रकार के हीला हवाली पूर्ण बर्ताव में बीते दिनों तीन अतिथि शिक्षक दिनभर भटकते रहे ? मगर हर सेकेंडरी स्कूल द्वारी के प्राचार्य आर. के. त्रिवेदी को जरा भी संजीव से यह समझने की आवश्यकता पर बल नहीं दिया, की आपको जो नौकरी मिल गई है वह किसी को परेशान करने के लिए नहीं है अगर आपको नौकरी नहीं मिली होती तो आप भी इसी तरह धूप और पानी में भटकते फिरते ? पन्ना जिले न्याय प्रिय कलेक्टर यह आवाम की गुजारिश है कि जिन-जिन शालाओं में अतिथि शिक्षकों की पदस्थापना की गई है कौन उन संस्थाओं की उचित कमेटी बनाकर जांच कारायें ।

### क्या है नियम उपस्थित दिलाने का

स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल की नियमावली कि अगर बात करें तो , अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति दिलाने का नियम यह है कि श्रृंखला क्रम में जिसका नाम सबसे ऊपर हो उसे संस्था प्रमुख यह साला प्रमुख कौन करके इस उपस्थित दिलाने हेतु बुला सकता है और बुलाना चाहिए। अगर वह जॉइनिंग, (उपस्थित) नहीं लेता है तो उसके बाद संख्या कम के अनुसार दूसरे व्यक्ति को बुलाना चाहिए दूसरा भी अगर नहीं आता तो तीसरा, चौथा, पांचवा, छटवां सातवां ! को बुलाकर उपस्थित डिकर रिक्त शिक्षक की पूर्ति करके संस्था का संचालन करना चाहिए । मगर गुनौर ब्लॉक में ऐसा नहीं हो रहा है, यहां कुछ जातिवादी एवं दबंग कार्यशाली के राजनीतिक किस्म की वर्षों से जमीन शिक्षकों ने अपनी नियमावली खुद बनाई हुई है इसके आगे शिक्षित बेरोजगार सभी परेशान हैं। आखिर कितने नंबर वाले अतिथि शिक्षक को उपस्थिति हेतु आमंत्रित फोन किया गया है मैसेज दिया गया है और कितने लोगों को नहीं क्योंकि यह अधिकतर संस्था प्रमुखों की जातिवादी करगुजारियों के चलते भाई भतीजाबाद की गंदी और कुटिल मानसिकता के चलते..? अपने चहेते को अतिथि शिक्षक में जॉइनिंग दिलाने की गंदी राजनीति चली जा रही है। इसकी विभागीय जांच कराई जाए क्योंकि स्कूल शिक्षा विभाग पन्ना कि गलत नीतियों के चलती जिले की शिक्षा व्यवस्था चौपट है और वर्षों से जमीन शिक्षक और जिम्मेदार अपनी मनमानी कर प्रणाली गलत कार्य शैली के चलते जिले की शिक्षा व्यवस्था को चौपट किए हुए हैं।

### इनका कहना है-

लोग क्रम संख्या में है जब तक वह लिखकर नहीं देते कि हमें उपस्थित नहीं देना है ..? हम किसे उपस्थिति दिला दें आप लोग ही उनसे लिखवाकर दिलवा दो हमें ?

**(आर.ऐन. त्रिवेदी,प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक**

**शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का समय पर अनिवार्य पंजीयन सुनिश्चित हो- कलेक्टर**

## आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में लाएं तेजी



### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

पन्ना।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिले में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर समय सीमा में वांछित प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं को प्रभावी बनाने तथा समय पर विभिन्न योजनाओं की राशि हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश तिवारी सहित सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता, समस्त बीएमओ तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा कई योजनाओं में परस्पर समन्वय के साथ कार्य कर शासन की मंशा मुताबिक लोगों को लाभ प्रदान किया जाए। प्रत्येक गर्भवती महिला का गर्भावस्था के प्रथम चरण में ही पंजीयन कराने सहित अनिवार्य जांच के संबंध में कार्रवाई की जाए। सभी बीएमओ ग्रामवार गर्भवती महिलाओं की सूची भी अपडेट रखें। जिला कलेक्टर ने कहा कि चिकित्सक अपने क्षेत्र अंतर्गत निरंतर रूप से स्वास्थ्य योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की निगरानी रखें। गर्भवती महिला का शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के साथ ही जिले को कुपोषणमुक्त बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि पन्ना जिले में 1600 मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपलब्धता के बावजूद आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में जिले की प्रगति अति न्यून है, आगामी दिवसों में इस कार्य में तेजी लाएं। इस दौरान आगामी 23 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमिनाशक दिवस पर 1 से 19 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों और अन्य लोगों को एल्बेंडाजोल टेबलेट के सेवन तथा स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, छात्रावासों और अन्य चिन्हांकित स्थानों पर गोली के सामूहिक सेवन के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विकासखंड में निर्धारित कार्ययोजनानुसार तैयारियों को अंतिम रूप दें। इसके लिए क्विक रिस्पांस टीम के गठन सहित टेबलेट की उपलब्धता और वितरण का कवरेज प्लान तैयार करने के लिए भी कहा। शाला त्यागी बच्चों तथा अन्य स्थानों पर गोली सेवन के लिए आशा कार्यकर्ता को चिन्हांकन और सर्वे अनुसार लक्ष्य प्रदान करने तथा आवश्यक प्रशिक्षण की बात कही।

### अजयगढ़ में शत-प्रतिशत सेचुरेशन का हो प्रयास

कलेक्टर ने कहा कि आकांक्षी विकासखंड अजयगढ़ में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत निर्धारित संकेतकों के आधार पर शत-प्रतिशत सेचुरेशन का प्रयास किया जाए। आशा कार्यकर्ता और एएनएम को कार्ययोजना मुताबिक दायित्वों के निर्वहन के संबंध में निर्देशित करने के निर्देश अजयगढ़ बीएमओ को दिए। साथ ही निर्धारित एजेंडा अनुसार नियमित रूप से गतिविधियों के आयोजन के लिए भी निर्देशित किया गया। समस्त बीएमओ को फील्ड विजिट के साथ वास्तविक मरीजों को लाभांवित करने के लिए कहा। बैठक में मलेरिया एवं डेंगू बीमारी के जांच व उपचार व्यवस्था, 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आदि सेवा पखवाड़ा के तहत संचालित होने वाले स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान की तैयारियों तथा अभियान के प्रथम दिवस रक्तदान शिविर आयोजन के दृष्टिगत भी जरूरी निर्देश दिए गए।



## जिले की समस्याओं को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष ने कलेक्टर से की मुलाकात

### उच्च स्तरीय जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

पन्ना।

जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिले में व्याप्त गंभीर समस्याओं, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। आज कांग्रेस नेता अनीस खान ने कलेक्टर पन्ना से मुलाकात की कई बिंदुओं पर की चर्चा की। जिस पर कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में जिला प्रशासन और शासन से जुड़े विभागों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण जिले की जनता परेशान है तथा न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि पन्ना जिला प्रशासन की गंभीर लापरवाही उजागर हुई है। एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को आरोपियों के घर भेजने का अमानवीय निर्णय लिया गया, जिसके परिणामस्वरूप पीड़िता के साथ पुनः दुष्कर्म हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल कल्याण समिति और वन स्टॉप सेंटर के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हुए हैं। इसके अलावा किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। खुलेआम डीलर खाद को डेढ़-दो गुना कीमत पर बेच रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि कृषि विभाग और जिला प्रशासन ऐसे अवैध कारोबारियों को संरक्षण दे रहा है। एनजीटी की अनुमति न मिलने के बावजूद बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में यह काम हो रहा है, जिससे नदियों का प्राकृतिक स्वरूप, पर्यावरण और जलस्त्रोत गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अवैध शराब का संगठित व्यापार जारी है। आबकारी विभाग और प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नगर पालिका और नगर परिषदों में निर्माण कार्यों और सामान की खरीद में लगातार भ्रष्टाचार हो रहा है। पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अनीस खान ने कहा कि जिले के पात्र आदिवासी और वनवासी परिवारों को अब तक भूमि अधिकार पत्र नहीं दिए गए हैं, जिससे वे असुरक्षित स्थिति में हैं। 1955-56 में बने पन्ना जिला मुख्यालय में लगभग 60 प्रतिशत भूमि शासन दर्ज है, लेकिन हजारों लोग दशकों से उस भूमि पर मकान बनाकर रह रहे हैं। स्वामित्व न मिलने से विस्थापन का खतरा बना हुआ है। जिला कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि सभी मामलों की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इन मांगों पर कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार ने एक माह के अंदर निराकरण करने का आश्वसन दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीस खान ने कहा कि यदि दो महीने के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस जिला स्तर पर विशाल प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

## खबर संक्षेप



### शासकीय पीएम श्री बापू महाविद्यालय भगवान भरोसे

**6000 छात्र-छात्राओं पर मात्र 5 स्थायी प्रोफेसर, पढ़ाई प्रभावित**

**नौगांव।** नगर की लगभग एक लाख की आबादी और आसपास के 50 से अधिक गांवों के छात्रों के लिए संचालित शासकीय पीएम श्री बापू महाविद्यालय इन दिनों स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। कॉलेज में करीब 5 से 6 हजार छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन इनके मार्गदर्शन के लिए स्थायी रूप से केवल पांच प्रोफेसर ही तैनात हैं। करीब सात वर्ष पूर्व शासन ने करोड़ों की लागत से आधुनिक भवन बनवाकर नगर को बड़ी सौगात दी थी। कॉलेज की सीटें भी बढ़ाई गईं और रोजगारमूलक कक्षाएं संचालित करने के आदेश जारी हुए। लेकिन आज तक पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो सकी। शासन ने लगभग 70 स्टाफ पदों को स्वीकृत किया था, किंतु अब तक नियुक्तियां नहीं हो पाईं। वर्तमान में कॉलेज में पांच स्थायी प्रोफेसरों के साथ एक अतिरिक्त, चार एडहॉक और आठ अतिथि विद्वान कार्यरत हैं। जबकि यहां बीएससी, एमए सहित रोजगारमूलक कोर्स संचालित किए जा रहे हैं, जिनके लिए करीब 30 कक्षाओं की आवश्यकता है। इसके अलावा लाइब्रेरी, खेलकूद और कार्यालय कार्यों के लिए भी स्थायी रूप से केवल एक कर्मचारी ही तैनात है। नतीजा यह है कि पढ़ाई के साथ-साथ अधिकांश प्रशासनिक कार्य भी अध्यापक ही निपटाने को मजबूर हैं। स्टाफ की कमी के चलते कक्षाओं का नियमित संचालन नहीं हो पा रहा। हाल ही में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था। उनका कहना है कि पढ़ाई सही ढंग से न होने के कारण परीक्षा परिणाम प्रभावित हो रहे हैं और कई छात्रों को शून्य या कम अंक मिले। सरकार जहां उच्च शिक्षा में रोजगारमूलक पढ़ाई पर जोर दे रही है, वहीं नौगांव का यह कॉलेज शिक्षकों की कमी के कारण केवल कागजों तक ही सीमित होकर रह गया है। इस गंभीर समस्या पर न तो प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधियों का ध्यान जा रहा है, जिससे छात्रों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है।

### राशन दुकाने निर्धारित समय पर खोलना सुनिश्चित कराएं - कमिश्नर



**छतरपुर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के सभी जिला आपूर्ति अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शासकीय राशन दुकाने निर्धारित दिवसों में निर्धारित समय पर खुलें और राशन दुकानों से हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि निर्धारित दिवसों में किसी भी स्थिति में राशन दुकानें बंद नहीं होनी चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि हितग्राहियों को समय पर और सहजता के साथ राशन मुहैया होना चाहिए। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश मंगलवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने राशन कार्डधारियों के ईकेवाईसी कार्य की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने ईकेवाईसी कार्य में सागर संभाग के सभी जिलों में आपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। कमिश्नर ने सागर संभाग के सभी जिला आपूर्ति अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे राशन कार्ड धारियों के ईकेवाईसी का कार्य तेजी पूर्ण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने संदिग्ध राशन कार्ड धारियों के प्रकरणों की जांच कर ऐंसे सभी संदिग्ध राशन कार्ड धारियों के राशन कार्ड निरस्त करने के कार्य की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई तथा संयुक्त संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए की संदिग्ध राशन कार्ड धारियों पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन मुझे एक सप्ताह की समयावधी में प्रस्तुत करें।

**तमाम व्यापारियों द्वारा जीएसटी और सैल्सटैक्स की चोरी की जा रही है**

# जीएसटी टीम की छापामार कार्यवाही, गुरूकृपा ट्रांसपोर्ट का ट्रक रोककर लाखों का माल किया जप्त

छतरपुर।

**शहर में तमाम व्यापारियों द्वारा जीएसटी और सैल्सटैक्स की चोरी की जा रही है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। टैक्स चोरी कर के व्यापारी भारी मुनाफा कमा रहें है। ऐसे ही गुरूकृपा टांसपोर्ट द्वारा ही जीएसटी की चोरी की जा रही थी जिस पर बुधवार को जीएसटी विभाग की टीम ने फोरलाईन में छापामार कार्यवाही करते हुए गुरूकृपा ट्रांसपोर्ट के ट्रक क्रमांक एमपी 07 एच वी 6372 को रोककर उसमें भरा लाखों रूपए का माल जप्त कर लिया। लेकिन इस बात की सूचना जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने पुलिस को नही दी है।**

जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने उक्त ट्रक का फिल्मी स्टाईल में पीछा किया और फोर लाईन में उसे रोककर माल जप्त किया। इस पूरी कार्यवाही करने बाली टीम का नेतृत्व राजकर अधिकारी बीरेन्द्र कुमार निगम कर रहे थे। उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर बिना पुलिस का सहयोग लिए ट्रक को पकड़ लिया और ओरछा रोड़ थाना परिसर में उसे खड़ा करवा दिया। ट्रक से मिले माल और दस्तावेजों की जांच की प्रकिया शुरू कर दी गई है। अब जांच के दौरान कितनी चोरी पकड़ी जाती है। यह तो पूरी कार्यवाही के बाद ही पता चलेगा। सूत्रों के अनुसार जो माल जीएसटी विभाग की टीम ने जप्त किया है वह लाखों रूपए का है। और जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्यवाही तय की जाएगी।



### जीएसटी विभाग की लापरवाही आई सामने

गुरूकृपा ट्रांसपोर्ट का माल लेकर उक्त ट्रक जब जा रहा था, तो जीएसटी विभाग की टीम ने फोर लाईन पर रैंसिग करते हुए उसे पकड़ा। रेसिग के दौरान कोई भी घटना हो सकती थी, उधर पुलिस का भी कोई सहयोग नही लिया गया। सवाल यह है कि अगर ट्रक का पीछा करने के दौरान कोई घटना घटित हो जाती, तो उसकी जबावदारी कौन लेता।

### इनका कहना है -

दिल्ली से सतना के लिए ट्रक लोड हुआ था 6 तारीख को फोर लाईन में पकड़ा गया था अभी हम माल के फिजिकल बेरीफिकेशन के लिए आए हुए है। हमारी टीम माल का फिजिकल बेरीफिकेशन कर ही है। बारिश के कारण इसमें विलंब हुआ है। क्योंकि बारिश में माल खराब हो सकता था। जब पुलिस की आवश्यकता पड़ती है। तो हम पुलिस को भी सूचना देते है।

**बीरेन्द्र कुमार निगम**
**राज्यकर अधिकारी जीएसटी विभाग**

**बागेश्वर धाम से दर्शन कर लौट रहे थे...**

# नींद की झपकी आने से पलटी कार, 1 की मौत दूसरा घायल



**नौगांव।** बुधवार की सुबह नौगांव थाना अंतर्गत दौरिया गांव के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रण होकर पलट गई। कार की गति तेज होने के कारण पलटी खाकर 25 फीट दूर खेत में पहुंची। कार में दो लोग सवार थे, एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौत हो गई। दूसरे घायल को इलाज के लिए नौगांव अस्पताल भेजा गया वहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया है। थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए नौगांव अस्पताल में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार रामगोपाल शर्मा उम्र 52 साल की घटना पर मौत हो गई। नवनीत शर्मा उम्र 30 साल घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। दोनों लोग दतिया के निवासी हैं। मंगलवार के दिन बागेश्वर धाम दर्शन करने के लिए आए थे सुबह से वापसी घर दतिया जा रहे थे। नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि बागेश्वर धाम दर्शन करने के बाद दो लोग घर लौट रहे थे। दौरिया गांव के पास नींद की झप्पी आने के कारण कार अनियंत्रित हो गई इसमें एक व्यक्ति की मौत हुई है दूसरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

# नेपाल हिंसा में फंसे छतरपुर के चार परिवार, पीएम से लगाई सुरक्षित वतन वापसी की गुहार



**छतरपुर।** नेपाल में लगातार बढ़ रही हिंसा और विरोध प्रदर्शनों के बीच हजारों भारतीयों की तरह छतरपुर जिले के भी चार परिवार काठमांडू में फंसे हुए हैं। इन परिवारों में बच्चों सहित कुल 14 लोग शामिल हैं, जो सुरक्षित वतन वापसी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगा रहे हैं। नेपाल में हालात दिनों-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। हिंसा के दौरान आगजनी, तोडफ़ोड़ और कई लोगों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं। इस भयावह माहौल के बीच छतरपुर के गल्ला मंडी निवासी व्यापारी पप्पू मातेले, ट्रांसपोर्ट कारोबारी निर्देश अग्रवाल, गुड्डू अग्रवाल तथा एक कुशवाहा परिवार नेपाल घूमने गए थे। ये सभी लोग इस समय काठमांडू के एक होटल में फंसे हुए हैं। फंसे हुए परिवारों ने बताया कि होटल के बाहर लगातार हिंसा और आगजनी की घटनाएं हो रही हैं, जिसके कारण डर और दहशत का माहौल है। वहीं, काठमांडू में फंसे निर्देश अग्रवाल ने आगजनी और तोडफ़ोड़ का वीडियो भेजकर छतरपुर प्रशासन और केंद्र सरकार से मदद की अपील की है। वहीं सदर विधायक ललिता यादव ने नेपाल में फंसे शहर के लोगों से बात कर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि सीएम डॉ. मोहन यादव से बात की गई है वे जल्द ही प्रदेश सहित जिले के सभी लोगों को सुरक्षित नेपाल से निकलवाने के प्रयास में लगे हैं।

**सुंदरकांड के बाद हुई महा आरती, गया गया राष्ट्रगान**

# बागेश्वर महाराज के आह्वान पर हनुमान टोरिया से हुई शुरुआत

छतरपुर।

विगत दिनों बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा था कि सभी धार्मिक स्थलों में राष्ट्रगान गाया जाना चाहिए। क्योंकि जिसे राष्ट्र से प्रेम होगा वह वंदे मातरम और राष्ट्रगान से भी प्रेम करेगा। महाराज श्री के इस आह्वान का असर दिखाई देने लगा। छतरपुर के सिद्ध क्षेत्र हनुमान टोरिया में बीती शाम सुंदरकांड पाठ हुआ, इसके बाद महा आरती की गई, तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने सैनिकों के सम्मान में राष्ट्रगान गाया। जानकारी के मुताबिक हर मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी श्री हनुमान टोरिया में सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। धर्म प्रेमियों ने सुंदरकांड पाठ किया और इसके बाद महा आरती में भी अपनी उपस्थिति दी। इस मंगलवार से एक और पहल शुरू हुई जिसमें अंत में राष्ट्रगान को शामिल किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों बागेश्वर महाराज ने कहा था कि मंदिर हो या मस्जिद, गुरुद्वारा हो या गिरजाघर सभी में राष्ट्रगान अवश्य होना चाहिए। क्योंकि राष्ट्रगान से राष्ट्र प्रेम की भावना पनपती है। हम सबको अपने राष्ट्र के प्रति निष्ठावान होना चाहिए। महाराज श्री का कहना था कि देश में देश के खिलाफ ही जो षड्यंत्रकारी अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं यदि धार्मिक स्थलों में राष्ट्रगान होगा तो लोग ऐसी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब भी दे देंगे और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने वाले मुंह की खाएंगे। कार्यक्रम के अवसर पर एसडीएम अखिल राठौर, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष बॉबी राजा, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा, डॉ. रोहन चौरसिया, डॉ. गौरव अग्रवाल, डॉ राजेश खरे, राधेश्याम सोनी, कमल अवस्थी, अंकित राज चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ ने 15 स्कूल बसों की चैकिंग की

**3 बसों पर लगाया 6 हजार रूपए का जुर्माना**




**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशानुसार आरटीओ के नेतृत्व में छतरपुर शहर के सागर रोड एवं पन्ना रोड पर 15 स्कूल बसों की चौकिंग की गई है। साथ ही परमिट, फिटनेस, बीमा सहित आवश्यक दस्तावेज चेक किए। आरटीओ टीम ने कुल 15 बसों की जांच करते हुए तीन स्कूल बस बिना दस्तावेज की पाए जाने पर 6 हजार रुपए की जुर्माने की कार्यवाही की गई।

आरटीओ द्वारा बताया गया कि यात्रियों एवं छात्रों को लेकर आने जाने वाली सभी वाहन व स्कूल बस शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार होनी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त स्कूली वाहनों में वीएलटीडी डिवाइस पैनिक बटन के साथ होनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में आवश्यकता पढने सहायता तुरंत पहुंचाई जा सके। इसके अलावा फिटनेस, परमिट, अग्निशामक यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र आदि होना अनिवार्य है। सभी स्कूल संचालकों को स्कूल बसों के सम्बन्ध में शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु समझाइश दी गयी। इसके अलावा नियम विरुद्ध बसों का संचालन पाए जाने पर निरंतर कार्यवाही की जाएगी।

# मंदिर तोड़फ़ोड़ मामले में नाराज ग्रामीणों ने हाईवे किया जाम, 2 घंटे बाद खुला आवागमन



**छतरपुर।** किशनगढ़ थाना क्षेत्र के देवरा पठार पहाड़ी तालाब के पास स्थित चंदेलकालीन हनुमान मंदिर में 15 दिन पहले अज्ञात लोगों द्वारा की गई तोडफ़ोड़ और खुदाई को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बुधवार को फूट पड़ा। कार्रवाई न होने से नाराज देवरी और शंकरपुर गांव के लोग एवं हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सुबह 10 बजे नेशनल हाईवे पर देवरी गांव के पास जाम लगा दिया। करीब दो घंटे तक हाईवे पर यातायात ठप रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही बिजावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइश दी। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी और मंदिर की सुरक्षा के लिए धर्मशाला निर्माण का आश्वासन दिया। इसके बाद दोपहर 12 बजे जाम खोला गया। ग्रामीणों का कहना है कि अज्ञात लोगों ने मंदिर में धन छिपे होने की आशंका में खुदाई की थी। आगे भी ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। बिजावर थाना प्रभारी कमलजीत सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की मांग थी कि मंदिर के पास धर्मशाला बनाई जाए। समझाइश के बाद जाम खुल गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# थाना ओरछा रोड पुलिस की रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान कार्यवाही

**हाइड्रा एवं पोकलैंड मशीन की व्यवस्था कर फंसे ट्रक को करवाया व्यवस्थित**



**छतरपुर।** थाना ओरछा रोड पुलिस को विगत रात्रि रोड पेट्रोलिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि छतरपुर तरफ से नौगांव की ओर जा रहे एक ट्रक जिसका टायर फट गया है और वह पुलिया से टकरा गया है, या ता या त व्यवस्था बाधित हो रही है। थाना प्रभारी ओरछा रोड उपनिरीक्षक दीपक यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सर्वप्रथम मार्ग में चल रहे वाहनों को फोरलेन ओवर ब्रिज तरफ से डायवर्ट किया गया। पुलिया में फंसे ट्रक को व्यवस्थित करने हेतु हाइड्रा क्रेन मशीन एवं पोकलैंड मशीन की व्यवस्था करवाई गई। फंसे ट्रक को व्यवस्थित करवाकर मार्ग में यातायात व्यवस्था को सक्रिय किया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही से न केवल यातायात व्यवस्था सक्रिय हुई बल्कि संभावित सड़क दुर्घटना को भी रोका जा सका।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी ओरछा रोड उप निरीक्षक दीपक यादव, सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार, प्रधान आरक्षक अरविंद कुशवाहा, आरक्षक रविंद्र यादव एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# एनसीएल निगाही परियोजना में अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 सफलतापूर्वक हुई सम्पन्न

## अपनी रुचि के खेलों को दिनचर्या में करें शामिल- मनीष कुमार

**सिंगरौली ।** मंगलवार को कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 का समापन हुआ। यह 4 दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 6 सितम्बर से 9 सितम्बर, 2025 तक आयोजित की गयी जिसमें टीम चैंपियनशिप, एकल और युगल श्रेणियों में मैच खेले गए।

इस प्रतिस्पर्धा में कुल 192 मैच खेले गए जिनमें एनसीएल के सभी क्षेत्रों एवं इकाइयों से कुल 164 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें 145 पुरुष तथा 19 महिलाएं शामिल हैं।प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में उन्होने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों से एनसीएल के नए खिलाड़ियों को मार्गदर्शन व प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आह्वान किया । इसके अतिरिक्त उन्होने उपस्थित सभी को अपनी रुचि के खेल को दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन/ कल्याण) राजेश त्रिवेदी, कंपनी जेसीसी सदस्य, सीएमओऐआई प्रतिनिधि बतौर विशिष्ट अतिथि, स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड मेंबर्स एवम् बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### टीम चैंपियनशिप में जयंत क्षेत्र बना विजेता

अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के दौरान टीम चैंपियनशिप में जयंत क्षेत्र ने विजेता तथा मुख्यालय ने उप-विजेता खिताब अपने नाम किया ।साथ ही एकल प्रतिस्पर्धा (पुरुष वर्ग) में जयंत क्षेत्र से मनीष कुमार विश्वकर्मा ने प्रथम एवं अमलोरी क्षेत्र से यश सती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त युगल प्रतिस्पर्धा (पुरुष वर्ग) में जयंत क्षेत्र से मनीष कुमार विश्वकर्मा एवं दूधीचुआ क्षेत्र से सूरज थापा पहले और मुख्यालय से डी. एन. तिवारी और दूधीचुआ से एम के मधुकर दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा एकल प्रतिस्पर्धा (वरिष्ठ पुरुष वर्ग) में एनएससी से डॉ. डी जे बोरा ने प्रथम एवं सीडबल्यूएस से नरेश पाल ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। डबल प्रतिस्पर्धा (वरिष्ठ पुरुष वर्ग) में झिंगुरदा से शंकर बदवथ एवं निगाही से आलोक सिंह पहले और एनएससी से डॉ. डी जे बोरा एवं दूधीचुआ से दिलीप कुमार त्रिपाठी दूसरे स्थान पर रहे। साथ ही एकल प्रतिस्पर्धा (अति वरिष्ठ पुरुष वर्ग) में जयंत से राजीब घोष प्रथम एवं मुख्यालय से ए. के. सिन्हा द्वितीय रहे। डबल प्रतिस्पर्धा (अति वरिष्ठ पुरुष वर्ग) में जयंत से राजीब घोष एवं मुख्यालय से ए. के. सिन्हा विजेता तथा निगाही से बाल मुकुन्द गिरि एवं बी के पटेल उप-विजेता बने।इस बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला प्रतिभागियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान एकल प्रतिस्पर्धा (महिला वर्ग) में मुख्यालय से मोनोदीपा ने विजेता और मनीषा छेत्री ने उप-विजेता खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही डबल प्रतिस्पर्धा (महिला वर्ग) में मुख्यालय से मोनोदीपा और मनीषा छेत्री ने पहला एवं मुख्यालय से दिव्या पांडे और जयंत से दीपशिखा सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया।गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष कर्मियों का उत्साहवर्धन करने एवं उनके शारीरिक और मानसिक विकास हेतु ऐसे अनेक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

# महालक्ष्मी मंदिर में निःशुल्क नेत्र शिविर शुक्रवार को

छतरपुर।

स्थानीय माँ महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज द्वारा 12 सितंबर को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल बताया कि महालक्ष्मी मंदिर में राजाराम अग्रवाल पनागर वाले की स्मृति में उनके भतीजे हुकुमचंद अग्रवाल के सहयोग से 12 सितंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया जाएगा। शिविर में श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के डाक्टरों द्वारा आंखों की जांच कर दवाई और शिव चश्मा घर द्वारा निशुल्क चश्मा वितरित किए जाएंगे। जांच में मोतियाबिंद पाए जाने पर निःशुल्क व सशुल्क दोनों प्रकार के ऑपरेशन होंगे। मोतियाबिंद के मरीजों को शिविर के तत्काल बाद अपने वाहन से ऑपरेशन के लिए चित्रकूट ले जाया जाएगा। मरीजों के जाने वापस आने, भोजन व ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। मरीजों को शिविर में आधारकार्ड की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। अग्रवाल समाज के नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने आँखों के मरीजों से अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# कलेक्टर के अथक प्रयासों से सिंगरौली हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विस्तार किए जाने ओएलएस सर्वेक्षण हेतु राशि स्वीकृत

## अब 80 सीटर विमान भी सिंगरौली से भर सकेंगे उड़ान

सिंगरौली



10 सितम्बर 2025/ कलेक्टर श्री चन्द्र शेखर शुक्ला के अथक प्रयासो से सिंगरौलिया हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विस्तार किए जाने हेतु एयरपोर्ट अथारटी ऑफ इंडिया दिल्ली के पत्र दिनांक 31.1.2025 से व्यवहार्यता अध्ययन और ओएलएस सर्वेक्षण हेतु शुक्ला राशि रूपयें 89 लाख 1566 रूपयें की माग की गई थी। कलेक्टर श्री शुक्ला के अथक प्रयासो से मध्य प्रदेश शासन विमान विभाग के द्वारा स्वीकृती प्रदान कर दी गई है। तथा आयुक्त विमानन संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 9 सितम्बर 2025 को कार्यपालन निर्देशक एयरपोर्ट अथारटी ऑफ इंडिया नई दिल्ली को भारतीय विमानन प्राधिकरण के अधिकारियो का एक बहुसंवर्गीय दल से यवहार्यता अध्ययन और बुनियादी ओएलएस सर्वेक्षण कराये जाने का अनुरोध किया गया है। अति शीघ्र एयरपोर्ट के रूप में सिंगरौलिया हवाई पट्टी को विकशित किए जाने हेतु कार्यवाही प्रारंभ हो जायेगी। एवं 80 सीटर विमान भी सिंगरौली से उड़ान भर सकेगे।

**खबर संक्षेप**

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा स्वच्छोत्सव के रूप में मनाया जाएगा

**रीवा ।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस पखवाड़े की मुख्य थीम स्वच्छोत्सव तय की गई है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि पखवाड़े का शुभारंभ 17 सितम्बर को किया जाएगा। इस दिन जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों तथा जल संरचनाओं में सामूहिक रूप से स्वच्छता का अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ-साथ प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में भी विशेष साफ-सफाई कराई जाएगी। पखवाड़े के दूसरे दिन 18 सितम्बर को लोगों को घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके उसे कचरा वाहन को देने के लिए जागरूक किया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए 19 सितम्बर को हाट बाजारों धार्मिक स्थलों और अन्य प्रमुख स्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वच्छता के क्रम में 20 सितम्बर को नगर को साफ-सुथरा रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की जाएगी। स्कूलों तथा ग्राम पंचायतों में 21 सितम्बर को प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित करने के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी कलेक्टर ने बताया कि 22 सितम्बर को स्वच्छ हरित उत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत कचरे और कबाड़ से आकर्षक वस्तुएं बनाने, धार्मिक आयोजनों के बाद पूजा-पण्डालों, झाकियों आदि से निकले कचरे के निपटान के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। पखवाड़े में 25 सितम्बर को जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित किए गए स्थलों में स्वच्छता के लिए सामूहिक रूप से श्रमदान किया जाएगा। पखवाड़े के अंतिम दिन 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर स्वच्छता से सेवा पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मानित किया जाएगा। जलीय संरचनाओं की साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण के लिए श्रमदान किया जाएगा। सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पखवाड़े में निर्धारित बिन्दुओं पर आयोजनों के लिए आवश्यक तैयारियाँ कर लें। इन आयोजनों में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आमजनता की भी समुचित भागीदारी सुनिश्चित करें। प्रत्येक नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की सभी गतिविधियाँ संचालित करें। पखवाड़े के दौरान प्रतिदिन शाम 5 बजे से पहले स्वच्छता ही सेवा डॉट जीओभी डॉट इन पोर्टल पर पखवाड़े की गतिविधियों से जुड़ी जानकारी और फोटो अपलोड करें।

## विभागीय योजनाओं के स्वरोजगार संबंधी ऋण स्वीकृति के प्रकरणों का चालू माह के अंत तक निराकरण करें - सीईओडीएलसीसी की बैठक संपन्न

रीवा ।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने डीएलसीसी की बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वरोजगार संबंधित प्रकरणों को बैंक में प्रेषित कर समन्वय बनाकर स्वीकृति करायें। उन्होंने बैंकर्स से अपेक्षा की कि सभी प्रस्तुत प्रकरणों में स्वीकृति देते हुए उनका वितरण इसी माह के अंत तक आवश्यक रूप से करायें ताकि अक्टूबर माह में आयोजित होने वाले वृहद स्वरोजगार मेले में उनको स्वीकृति पत्र प्रदान किये जा सके।
कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि अक्टूबर माह के अंत में रीवा संभागीय मुख्यालय में राज्य स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन प्रस्तावित है जिसमें रीवा जिले के दस हजार स्वरोजगार के हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जायेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य अनुरूप प्रकरण बैंकों को भेजें तथा उनको स्वीकृति दिलाकर वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में विशेष डीएलसीसी की बैठक में प्रगति की समीक्षा भी की जायेगी। बैठक में सीडी रेसियो की प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि जिले का सीडी रेसियो 49 प्रतिशत है जिसमें गत त्रैमास से एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सेंट्रल बैंक, इंडियन बैंक व पंजाब नेशनल बैंक की कम प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई। इस अवसर पर निर्देश दिये गये कि किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति में वृद्धि करें अभी जिले में 92 हजार केसीसी बन चुके हैं। ग्राम पंचायतों में रि एकेवायसी शिविर लगाकर योजनाओं का लाभ दिलाने के कार्य में प्रचार-प्रसार के माध्यमों के उपयोग की बात की गई ताकि ग्राम वासियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। बैठक में विधायक प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिंह, आरबीआई के प्रतिनिधि, नावार्ड प्रतिनिधि, एलडीएम जगमोहन सहित बैंकर्स व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र में मजदूर की 14 वर्षीय बेटी लापता, अपहरण की जताई जा रही आशंकापीड़ित परिवार ने रीवा पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से की न्याय की गुहार, आरोपियों के चिन्हित होने के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई



**रीवा।** मजदूरी के सिलसिले में महाराष्ट्र के पुणे गए सिरमौर नदना गांव निवासी एक परिवार की 14 वर्षीय नाबालिग बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। घटना को लेकर परिवार ने अपहरण की आशंका जताई है। परिजनों का आरोप है कि बेटी को उस कंपनी के मालिक और उसके सहयोगियों द्वारा अगवा किया गया है, जहां वे काम करने गए थे। मंगलवार को पीड़ित परिवार भारी संख्या में ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और कार्रवाई की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नदना निवासी रामशरण रावत अपने परिवार सहित रोजगार की तलाश में पुणे गया था। वहीं, 12 अगस्त को उसकी नाबालिग बेटी अचानक लापता हो गई। लड़की की माँ लक्ष्मी रावत ने इस संबंध में महाराष्ट्र के स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक महिला आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में महिला ने लड़की के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी दीं, लेकिन इसके बावजूद अब तक नाबालिग का कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों का कहना है कि मामले की गंभीरता और आरोपियों की पहचान होने के बावजूद महाराष्ट्र की स्थानीय पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी उपेक्षा से आहत होकर परिवार रीवा वापस लौटा और स्थानीय पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। परिवार का कहना है कि उन्हें आशंका है कि उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी न हो गई हो। परिजनों ने आरोप लगाया कि बेटी के गायब होने में कंपनी मालिक की संलिप्तता है और स्थानीय स्तर पर प्रभाव के चलते पुलिस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने एसपी से मांग की है कि मामले को मध्यप्रदेश पुलिस संज्ञान में ले और महाराष्ट्र पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर नाबालिग की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जाए।

## संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व ही बच्चों के अधिकारों की रक्षा का आधार, पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें



**रीवा ।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती मेघा पवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बच्चों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में आयोग की सदस्य श्रीमती पवार ने कहा कि बच्चों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में किसी तरह की कोताही न बरतें। संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व ही बच्चों के अधिकारों की रक्षा का आधार है। कम पोषित बच्चों का आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर चिन्हांकन किया जाता है। कमजोर बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराकर उनके स्वास्थ्य में सुधार करें। पोषण पुनर्वास केन्द्र की कोई भी सीट रिक्त नहीं रहे इसे सुनिश्चित करें। पोषण पुनर्वास केन्द्र से घर जाने के बाद बच्चे के स्वास्थ्य का नियमित अंतराल से फालोअप करें। श्रीमती पवार ने कहा कि स्कूल बसों तथा छात्रावासों में पॉक्सो अधिनियम से जुड़ी जानकारी दर्ज कराएं। छात्रावासों और स्कूलों में भी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित करें। सभी स्कूलों और छात्रावासों के बाहर शिकायत पेटी लगाएं जिसमें कोई भी छात्र-छात्रा अपनी परेशानी बता सके। पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह ने कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्र में नियमित रूप से कम पोषित बच्चे भेजे जा रहे हैं। इनका पूरा फालोअप भी किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से पॉक्सो अधिनियम के प्रचार-प्रसार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। श्री सिंह ने बच्चों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।
बैठक में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा तथा विभागीय समन्वय से बाल संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, जिला परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी, सहायक संचालक शिक्षा राजेश मिश्रा, बाल संरक्षण अधिकारी स्वाति श्रीवास्तव, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी, सहायक निरीक्षक आशुतोष सिंह तथा बच्चों के कल्याण से जुड़ी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक से पहले आयोग की सदस्य ने बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती पवार ने किशोर न्याय बोर्ड के अशासकीय सदस्यों से बाल संप्रेक्षण गृह की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की।

## खाद वितरण में जिला प्रशासन के सारे दावे फेल, टोकन लेने उमरी केंद्र में मची भगदड़ आधा दर्जन महिलाएं हुईं घायल, घायलों को पहुंचाया अस्पताल, नहीं सुधर रही व्यवस्था , किसानों को अव्यवस्था का करना पड़ा सामना







**रीवा।** जिले भर में यूरिया की भारी कमी के चलते किसान परेशान हैं और प्रशासन की अव्यवस्थित वितरण प्रणाली ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। मंगलवार को उमरी वितरण केंद्र पर हालात उस वक्त बेकाबू हो गए जब यूरिया लेने पहुंचे किसानों की भीड़ में अचानक भगदड़ मच गई। इस दौरान कई महिलाएं बेहोश हो गईं और कुछ किसान घायल भी हुए। मौके पर पर्याप्त पुलिस बल की गैरमौजूदगी के चलते घायलों और बेहोश महिलाओं को ग्रामीणों ने खुद अस्पताल पहुंचाया। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें भगदड़ की स्थिति साफ देखी जा सकती है। हालांकि, प्रशासन की ओर से इसे गर्मी का असर बताया जा रहा है। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी का कहना है कि महिलाएं लू लगने के कारण बेहोश हुईं, लेकिन चश्मदीदों का दावा है कि टोकन वितरण की अव्यवस्था ने हालात को बेकाबू बना दिया।बताया जा रहा है कि टोकन वितरण की प्रक्रिया को लेकर केंद्र पर कोई स्पष्ट निर्देश नहीं थे। किसान सुबह से ही कतार में खड़े थे और जैसे ही गेट खोला गया, लोग एक-दूसरे को धक्का देकर अंदर घुसने लगे। टोकन के लिए मारामारी इतनी बढ़ गई कि कुछ महिलाएं गिर पड़ीं और बेहोश हो गईं। भगदड़ के बाद अफरा-तफरी मच गई, जिससे प्रशासन की लापरवाही उजागर हो गई। बता दे जिले में पिछले 10 दिनों से यूरिया की किल्लत बनी हुई है। किसान रोज़ाना लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर खाद पाने की कोशिश कर रहे हैं। कई बार खाली हाथ लौटने के बाद किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। बीते सप्ताह उमरी केंद्र पर खाद न मिलने से आक्रोशित किसानों ने हंगामा किया था। वहीं, सोमवार को भीड़ बढ़ने पर कुछ किसानों ने चक्काजाम की चेतावनी दी थी, जिसे पुलिस-प्रशासन की समझाइश से टाल दिया गया।बॉक्स करहिया मंडी में आंशिक राहत, लेकिन चुनौतियां बरकरारमंगलवार को करहिया मंडी केंद्र पर व्यवस्थाएं अपेक्षाकृत बेहतर रहीं। यहां 6 काउंटर बनाए गए, जिससे किसान कतार में लगे और अव्यवस्था से कुछ हद तक राहत मिली। लगभग 1800 किसानों को टोकन वितरित किए गए, जिनमें से 1224 को खाद की पर्ची दी गई। शेष किसानों को बुधवार और गुरुवार को खाद उपलब्ध कराने की बात कही गई है। हालांकि खाद का वितरण चोरहटा केंद्र से किया जा रहा है, जिससे किसानों को अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ रही है।बॉक्स महिलाओं और बच्चों को सबसे ज़्यादा परेशानीखाद केंद्रों पर पहुंच रहीं महिला किसानों को सबसे ज़्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। उमसभरी गर्मी में छोटे बच्चों को लेकर घंटों लाइन में खड़ी महिलाओं की हालत बिगड़ रही है। सोमवार रात गुढ़ केंद्र पर ड्यूटी में तैनात महिला पटवारी किरण पटेल भी गर्मी के कारण बेहोश हो गईं। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।बॉक्स डबल लॉक केंद्रों पर भी नहीं सुधरे हालातजिले के डबल लॉक वितरण केंद्रों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। अधिकांश केंद्रों पर प्रतिदिन केवल 40-50 टोकन ही वितरित किए जा रहे हैं, जिससे किसानों को सुबह से लेकर शाम तक लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। टोकन मिलने के बाद भी पर्ची वितरण में देरी हो रही है, जिससे किसानों को बार-बार केंद्र के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।बॉक्स यात्रा, खर्च और अव्यवस्था से परेशान किसानचोरहटा केंद्र तक खाद लाने के लिए किसानों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। परिवहन में न केवल समय बल्कि अतिरिक्त पैसा भी खर्च हो रहा है। साथ ही, कुछ किसानों ने यह भी शिकायत की है कि चोरहटा केंद्र पर असामाजिक तत्व सक्रिय हैं जो लाइन में घुसपैठ कर अव्यवस्था फैला रहे हैं। इससे वास्तविक किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## घूमा में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन आफ इन्टरेस्ट का ईओआई आमंत्रण

**रीवा ।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा रीवा जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र घूमा में रिक्त औद्योगिक भूखंडो के आवंटन हेतु 15 सितंबर को अपरान्ह 5 बजे तक एक्सप्रेशन आफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल एमपी एमएसएमई डाट जीओव्ही डाट इन की जाएगी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने बताया कि प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क 5 हजार रूपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नही होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रीमियम की 25 प्रतिशत अगिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन जमा करनी होगी। भूखंडो का आवटन मध्यप्रदेश एमएसएमई के औद्योगिक भूमि का भवन आंवटन एवं प्रबंधक नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगां। नियम, प्रक्रिया एवं भुखंडो आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट एमपी एमएसएमई डाट जीओव्ही डाट इन से प्राप्त की जा सकती है।

## शहर में खुलेंगे 8 स्मार्ट फिश पार्लर, मछुआरों को मिलेगा रोजगार का नया जरियानगर निगम ने शुरू की तैयारी, 36.72 लाख रुपये आधार मूल्य पर जारी हुई निविदा प्रक्रिया

रीवा ।

शहरवासियों को अब जल्द ही ताजी और स्वच्छ तरीके से प्रसंस्कृत मछली उपलब्ध होगी। नगर निगम प्रशासन ने मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के तहत शहर में 8 स्थानों पर स्मार्ट फिश पार्लर खोलने की दिशा में कदम आगे बढ़ा दिए हैं। निगम ने इन पार्लरों के लिए 36.72 लाख रुपये के आधार मूल्य पर निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है। यदि सब कुछ समयबद्ध रहा, तो महीने के अंत तक निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। यह योजना राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप मछुआ समुदाय और मछली व्यवसाय से जुड़े लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। योजना के तहत जिन एजेंसियों को पार्लर का संचालन सौंपा जाएगा, उन्हें नगर निगम द्वारा पूर्वनिर्मित दुकानें उपलब्ध कराई जाएंगी।बॉक्स नगर निगम की बैठक में भी हुई थी चर्चानगर निगम की 15वीं साधारण सभा बैठक, जो कि 28 अगस्त को आयोजित की गई थी, उसमें भी इस प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई थी। बैठक में महापौर अजय मिश्रा ने स्पष्ट किया था कि फिश पार्लर की स्थापना से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों और निवासियों की राय अवश्य ली जाएगी।हालांकि, महापौर के आश्वासन के बाद अन्य प्रस्तावित स्थानों पर कहीं से भी कोई औपचारिक आपत्ति या विरोध नगर निगम तक नहीं पहुंचा है, जिससे प्रशासन ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है।बॉक्स10 में से 8 स्थानों पर ही खुलेंगे पार्लरनगर निगम की प्रारंभिक योजना 10 स्मार्ट फिश पार्लर खोलने की थी, लेकिन स्थानीय विरोध और अन्य तकनीकी कारणों से दो स्थानों पर प्रक्रिया फिलहाल अटकी हुई है। अब निगम ने 8 स्थानों पर पार्लर शुरू करने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है। जिसमे नीम चौराहा, रतहरा समान तिराहा, बिछिया पुल के पास, बिछिया जिला अस्पताल के पास, मैदानी घिरमा नाला, निपनिया पुल के पास, निपनिया धौराहा अन्य एक स्थान का उल्लेख है।

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मीसा बंदी लाभ लेने का आरोप, एसपी से शिकायत

रीवा

जिले में एक व्यक्ति पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मीसा बंदी के तहत मिलने वाले सरकारी लाभ प्राप्त करने का गंभीर आरोप लगा है। शहर निवासी चंदन त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत में त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति ने पहले खुद को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताया और दावा किया कि उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन 1942 में भाग लिया था। हालांकि, उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में जन्मतिथि वर्ष 1939 दर्ज है। इस हिसाब से आंदोलन के समय उनकी उम्र केवल तीन से चार वर्ष की रही होगी, जो उनके दावे को संदेह के घेरे में लाता है। शिकायत में आगे कहा गया है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने का दावा खारिज होने के बाद, संबंधित ने मीसा बंदी होने की बात कही और इसके आधार पर शासन से लाभ प्राप्त किए। लेकिन जब शिकायतकर्ता ने आरटीआई और अन्य माध्यमों से मीसा बंदियों की आधिकारिक सूची की जांच कराई, तो उसमें भी संबंधित व्यक्ति का नाम उपलब्ध नहीं पाया गया। इतना ही नहीं, शिकायतकर्ता का कहना है कि उक्त व्यक्ति ने स्वयं को गोवा मुक्ति आंदोलन में भी सक्रिय बताया, लेकिन उस आंदोलन से जुड़े सरकारी अभिलेखों व सूची में भी उनका नाम दर्ज नहीं है। ऐसे में यह आशंका जताई जा रही है कि संबंधित ने विभिन्न आंदोलनों में भागीदारी का झूठा दावा कर सरकारी योजनाओं और सम्मान का दुरुपयोग किया है। चंदन त्रिपाठी द्वारा सौंपी गई शिकायत पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गहन जांच का आश्वासन दिया है। प्रारंभिक स्तर पर तथ्यों की पुष्टि व दस्तावेजों की वैधता की जांच की जाएगी। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो कानूनी कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### मऊगंज में खाद समस्या के नहीं सुधर रहे हालात

## जिले में यूरिया खाद की आपूर्ति हुई लेकिन पर्याप्त नहीं, अभी अन्नदाता की परेशानी नहीं हुई कम





**मऊगंज।** जिले में यूरिया खाद का संकट अभी भी बना हुआ है वैसे तो शासन स्तर पर विवरण केंद्र में यूरिया के स्टॉक की व्यवस्था की गई है लेकिन यह स्टॉक नाकाफी साबित हो रहा है। आलम यह है कि दो बोरी यूरिया के लिए 30 से 40 किलोमीटर दूर से आकर महिला पुरुष किसान दिनभर लाइन लगाए देखे जा रहे हैं। विपणन केंद्र मऊगंज में यूरिया खाद के लिए लाइन लगाकर खड़े कुछ किसानों ने कहा एक हफ्ते से आ रहा हूं लेकिन खाद नहीं मिल पा रही है तो कुछ ने कहा ऐसा नहीं की सामान्य किसानों को खाद नहीं दी जा रही बल्कि सामान्य किसानों की तुलना में ओहदेदारों की चांदी है। जिले में यूरिया का संकट जैसे हालात निर्मित होने से क्षेत्र के किसान अभी भी उत्तर प्रदेश का चक्कर काट रहे हैं। जिले में पहले की तुलना में अब हद तक सुधार तो हुआ है लेकिन अभी भी 50 फ़ीसदी से अधिक किसान एक बोरी यूरिया के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं यूरिया खाद उपलब्धता एवं परेशानी की जमीनी स्थिति देखी जाए तो हालात कुछ इस कदर है कि क्षेत्र के किसान सभी काम छोड़कर यूरिया खाद के लिए या तो इस बाजार से उस बाजार भटक रहे हैं या फिर विपणन केंद्रों में भूखे प्यासे लाइन लगाने को मजबूर है। वैसे तो कहने के लिए शासन प्रशासन स्तर पर क्षेत्र की सेवा सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग है किसानों के लिए यूरिया खाद इतनी बड़ी परेशानी का सबब बन चुकी है कि अब अन्नदाता अपने आप को ठगा समझने लगा है। यूरिया खाद के संकट से परेशान किसानों ने कहा प्रशासन स्तर पर तो आश्वासन मिलते हैं लेकिन वोट लेकर बातानुकूलित लग्जरी गाड़ियों में सफर करने वाले जनप्रतिनिधि अन्नदाताओं का दर्द जानना उचित नहीं समझते, वर्तमान में जो हालात है उसको लेकर यदि किसानों के मन को टटोला जाए तो क्षेत्र के अन्नदाताओं में यूरिया खाद समस्या को लेकर आक्रोश का वातावरण बना हुआ है।

### समिति में बंद मिला ताला आक्रोशित हुए किसान

मऊगंज तहसील क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति झलबार में सोमवार को खाद लेने गए किसान तो समिति में ताला बंद मिला। काफी समय तक किसान ताला खुलने का इंतजार किया जब समिति प्रबंधक कार्यालय नहीं पहुंचे तो नाराज होकर किसानों ने समिति को घेर लिया। किसानों का आरोप था की रात को खाद ब्लैक में बेच दी जाती है और दिन में ताला बंद कर दिया जाता है। सोमवार की सुबह 10 बजे से किसान खाद लेने के लिए लाइन में लग रहे पर खाद नहीं मिली जिसको लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ गया इधर जानकारी मिलते हैं दोपहर 3 बजे अधिकारी पहुंचे और किसानों को समझाइश दी गई उपरांत किसान समिति से घर वापस लौटे। बताया गया है कि देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के शुकुलगवां सहित आधा दर्जन गांवों के लोग खाद के लिए परेशान है। इसी तरह सोमवार की सुबह बड़ी मात्रा में किसान खाद लेने सेवा सहकारी समिति झलवार पहुंचे लेकिन दोपहर तक समिति का ताला नहीं खुला तो क्षेत्र के किसान आक्रोशित हो गए।*

### किसानों की परेशानी उन्हीं की जुबानी

एक सप्ताह से विपणन केंद्र मऊगंज में खाद के लिए आ रहा हूं लेकिन खाद नहीं मिलती और भूखे प्यासे शाम को लौट जाता हूं। दो बोरी खाद के लिए दिन-दिन भर बैठे रहना समझ में नहीं आता की करूं तो क्या करूं ऐसी स्थिति अपने जीवन में कभी भी देखने को नहीं मिली।

**राम सुशील मिश्रा, किसान, निवासी ग्राम पहरखा**

विपणन केंद्र मऊगंज में 1 सप्ताह पूर्व खाद लेने आया था लेकिन तीन दिवस तक खाद नहीं मिली। दूसरी बार पुनः दो दिन से प्रयास कर रहा हूं आज टोकन पाने के लिए लाइन में लगा रहा लेकिन धक्के देकर लोगों ने गिरा दिया, अब लाइन में लगने की हिम्मत नहीं है। खाद के बदले धक्के मिले। अनाज पैदा करना है तो खाद डालना पड़ेगा अभी प्रयास करूंगा हो सकता है खाद मिल जाए।

**मोहम्मद शमीम, किसान, निवासी ग्राम खजुरहन**

## मऊगंज मे अवैध खाद्य कारोबार का संचालन बगैर लाइसेंस चल रहे प्रतिष्ठान

### खाद्य विभाग की अनदेखी के कारण नहीं हो रहा नियमों का पालन



**मऊगंजः** जिले में खाद्य विभाग का संचालन ऑफिस तक सीमित रह कर रह गया है। आलम यह है कि विभाग की जिम्मेदार अधिकारी मुख्यालय छोड़कर वह कार्य करने के लिए तत्परता नहीं दिखा रहे हैं जिसके लिए वास्तव में इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति हुई है। जिसके चलते पूरे जिले में जहां देखा जाए वही अवैध रूप से बिना लाइसेंस के दुकान संचालित है वही इन दुकानों में अमानक खाद्य पदार्थ बिक्री किए जा रहे हैं।खाद्य कारोबार में ऐसे प्रतिष्ठान संचालित हो रहे हैं। जिन्हें शासन के नियमों व निर्देशों की कोई चिंता नहीं होती है। वे लाइसेंस लिए बिना ही काम शुरू कर देते हैं। और लंबे समय तक निर्माण से लेकर विक्रय का कार्य करते रहते हैं। इसके साथ ही जो लोग लाइसेंस भी लेते हैं। वह नवीनीकरण कराना उचित नहीं समझते ऐसी स्थिति में खाद्य कारोबार के क्षेत्र में कई ऐसे कारोबारी तैयार हो जाते हैं जो वैधानिक नहीं होते।किंतु यहां का खाद्य सुरक्षा विभाग इस मामले में हमेशा ढीला ही बना रहा है। क्योंकि जिम्मेदार अधिकारी रीवा में रहकर मऊगंज जिले में नौकरी कर रहे हैं और इनकी जांच एवं जांच प्रतिवेदन कागजों तक ही सीमित है जिसके चलते अवैध दुकानों का संचालन एवं अमानक खाद्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय मऊगंज जिले में जोरों पर चल रहा है।*खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जन स्वास्थ्य की अनदेखी*अमानक स्तर दूषित खाद्य सामग्री निर्माण एवं बिक्री करने वाले कारोबारियों के खिलाफ जांच न होने एवं कार्यवाही न होने के कारण अमानक खाद्य पदार्थ की बिक्री जोरों पर चल रही है। इसलिए खाद्य कारोबार करने वाले मनमानी तरीके से अपना काम कर रहे हैं। जबकि विभाग की जिम्मेदारी है कि जन स्वास्थ्य को देखते हुए दिशा निर्देशों के तहत प्रभावी कार्यवाही करें लेकिन मऊगंज जिले में पदस्थ जिम्मेदार रीवा में रहते हैं और महीने में गिने चुने दिन भी अपने कार्य क्षेत्र में पहुंचना उचित नहीं समझते जिसके कारण ना तो जांच हो पाती और ना हुई अमानक खाद्य सामग्री बिक्री करने वालों पर कार्यवाही। जिसका परिणाम है कि मऊगंज जिले में खुलेआम अमानक खाद्य सामग्री का निर्माण एवं बिक्री का कार्य चरम पर है।